



## एक नजर में

### ज्वाला प्रसाद शर्मा दिवंगत, अंत्येष्टि आज



**नवभारत न्यूज, पचोर 08 फरवरी, सं.** नगर के सेवानिवृत्त शिक्षक श्री ज्वाला प्रसाद शर्मा का रविवार को देवलोकगमन हो गया. वह पत्रकार शैलेंद्र शर्मा के पिताजी थे. सहज, सरल, मिलनसार व्यक्तित्व के धनि श्री शर्मा के निधन से मिलने-जुलने वालो, शिक्षा जगत से जुड़े लोगों, पत्रकार जगत, समाज बंधुओं में शोक व्याप्त हो गया. अंतिम संस्कार आज 9 फरवरी को प्रात: 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम पचोर पर किया जाएगा.

### शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा आज से

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 08 फरवरी, का.** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आज 9 फरवरी से नगर में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन रखा गया है. कथा का आयोजन जूना ब्यावरा में हाथी खाना स्थित सेठ चम्पालाल जी के बगीचे में होगा. आज नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो प्रात: 11 बजे पुराना ए.बी. रोड स्थित श्री बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर मेन मार्केट होते जगात चौक, जूना ब्यावरा से होकर हाथी खाना स्थित कथा स्थल सेठजी के बगीचे पर पहुंचेगी. कथा भागवताचार्य बहन आशा दीदी चर्तुभुनाथ मंदिर द्वारा की जाएगी. कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगी. 16 फरवरी को पूर्णाहुति, प्रसादी वितरण के साथ समापन होगा. कथा का आयोजन समस्त महिला मंडल (शिव भक्त मंडल) एवं शिवभक्तगण द्वारा रखा गया है. धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा एवं कथा के आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है.

### स्व. सोमानी को दी श्रद्धांजलि

**सारंगपुर 08 फरवरी, सं.**



गत दिवस कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी के पिता हजारीलाल सोमानी का गत दिवस दुखद निधन हो गया था. इसी बीच शनिवार को ग्राम गुलावाता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष के निवास पर जिला इंकाध्यक्ष एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह खींची ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की. इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, सारंगपुर विधानसभा प्रभारी, राधेश्याम सोमतिया जिला संगठन मंत्री, पप्पू कलमोदीया, पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली, प्रदीप सदानी, भुरू मेवाती, ब्लॉक अध्यक्ष संडावता, रितेश पाटीदार, डॉ भगवान सिंह राजपूत, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मोहन सिंह पाल, ठाकुर जसवंत सिंह, हासिम राही सारंगपुर, मुरलीधर कलमोदिया, सुभाष पाल, मुकेश मेघवाल पचोर, सुधीर गुप्ता पार्षद पचोर, कांतिलाल आर्य, अभय सिसोदिया यूथ अध्यक्ष, देवकरण मालवीय पिपल्या देव, लखन धनगर पूर्व यूथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, हरिसिंह सरपंच पट्टी, नंदलाल नागर सहित बड़ी सख्या में कांग्रेस जन उपस्थिति थे.

# 5 करोड़ का केमिकल खंती में छोड़ भागे

## सुनसान जंगल में रात्रि गश्त के दौरान भारी मात्रा में केमिकल जब्त किया

**पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया, केमिकल से भरे ड्रम की पैकिंग गोघटपुर की तर्ज पर की गई**



**नवभारत न्यूज**

**माचलपुर 08 फरवरी, सं.** बीते दिनों गोघटपुर में रघुनंदन पाटीदार के ठिकाने से एमडी ड्रग बनाने का केमिकल और सामान बड़ी मात्रा में बरामद किया गया था. इसके बाद अब उसी ईलाके में सुनसान जंगल से पुलिस को रात की गश्त के दौरान करीब 5 करोड़ का केमिकल एक खंती से लावारिस हालत में मिला है. पुलिस को आशंका है कि अज्ञात लोगों ने इसे छिपाने के लिए यहां रखा होगा. पुलिस मामले की जांच कर रही है. इधर जब्त माल को पुलिस ने बरामद किया है जिसकी मात्रा करीब 266 किलो से अधिक बताई जा रही है.

जानकारी के अनुसार 7 फरवरी को थाना माचलपुर में पदस्थ उप निरीक्षक गुड्डू कुशवाह को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम आदमपुरा के जंगल क्षेत्र में खेत में बनी खंती में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अवैध मादक पदार्थ (एमडी ड्रग्स) निर्माण में प्रयुक्त केमिकल ड्रमों में छिपाकर फेंका गया है. पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर साक्षियों की उपस्थिति में तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान खंती में 05 नीले रंग के ड्रम मिले, जिनमें प्लास्टिक की पन्नियों में भरा हुआ सफेद रंग का क्रिस्टल जैसा कैमिकल पाउडर पाया गया, जिससे तीव्र एवं कसैली गंध आ रही थी.

### अज्ञात लोग उसी इलाके में छोड़ गए केमिकल के ड्रम

पुलिस के सामने इस प्रकार ड्रम से भरे केमिकल का जखीरा मिलना भी बड़ी उलझन पैदा कर रहा है. सवाल यह सामने आ रहा है कि इतने संवदेनशील गतिविधि के गोघटपुर में उजागर होने के बाद अज्ञात आरोपियों ने उसी ईलाके में 5 करोड़ का संदिग्ध केमिकल एक जंगल की खंती में क्यों छोड़ दिया. जिस स्थान से यह केमिकल मिला है वह गोघटपुर से ज्यादा दूर नहीं है. क्या इसके पीछे स्थानीय अपराधियों का हाथ है अथवा अन्य किसी राज्य का नेटवर्क अभी भी सक्रिय है और पुलिस वहां तक नहीं पहुंची है. रघुनंदन पाटीदार भी फरार है.

### रघुनंदन पाटीदार को ढूंढ रहीं पुलिस टीमें

इधर राजस्थान और जिले की पुलिस टीमें पिछले 5 दिनों से रघुनंदन पाटीदार को खोजने में लगी है. आरोपी का अब तक सुराग नहीं मिला है. राजस्थान पुलिस ने मामले में कुछ आरोपियों को हिरासत में आगर, सुसनेर और झालरापाटन से लिया था. मामले में वे ही आरोपी गिरफ्त में आए है.

### गोघटपुर मामले से जुड़ रहा कनेक्शन

पुलिस कार्यवाही के बाद इस पूरे मामले को गोघटपुर प्रकरण से जोड़कर देखा जा रहा है. पुलिस सूत्रों के अनुसार जो ड्रम आदमपुर जंगल की एक खंती से बरामद हुए है उनकी पैंकिंग वैसी ही है जैसे गोघटपुर ठिकाने से बरामद हुए सामानों की थी. इस पूरे मामले को रघुनंदन पाटीदार के ठिकाने से उससे जुड़े गिरोह से जोड़कर देखा जा रहा है.

### अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज

प्रारंभिक परीक्षण एवं अनुभव के आधार पर उक्त पदार्थ एमडी ड्रग्स (मादक पदार्थ) निर्माण में प्रयुक्त कैमिकल होना पाया गया. इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे से तौल करने पर ड्रमों सहित कुल वजन 266.9 किलोग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 05 करोड़ रुपये है. उक्त संपूर्ण मादक पदार्थ को विधिवत सीलबंद कर, साक्षियों की उपस्थिति में जप्त किया गया। कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराई गई तथा जप्तशुदा माल को सुरक्षित रूप से मालखाने में जमा किया गया. इस संबंध में थाना माचलपुर में अपराध क्रमांक 35/2026, धारा 30 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है. अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है तथा अवैध मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क के संबंध में गहन जांच जारी है.



# कुरावर में भारी बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## दिन और रात्रि में घंटों गुल हो रही बिजली परीक्षा सिर पर, पढ़ाई हो रही बाधित

**नवभारत न्यूज**

**कुरावर 08 फरवरी, सं. नगर में बेतहाशा बिजली कटौती होने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. दिन और रात्रि में घंटो तक बिजली गुल रहने से अनेक प्रकार की दिक्कतों का सामना नागरिकों को करना पड़ रहा है. परीक्षाएं सिर पर है, परन्तु बिजली कटौती के कारण पढ़ाई बाधित हो रही है.**

गौरतलब है कि जिले के कुरावर नगर में बिजली कटौती की समस्या लम्बे समय से चली आ रही है, साल भर ही बिजली संकट बना रहता है, गर्मी के दिनों में यह समस्या कहीं अधिक विकराल रुप ले लेती है. हाल ही में नगर में बिजली कटौती एक बड़ी समस्या बनी हुई है. दिन और रात्रि में देर तक बिजली गुल रहने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. उधर विद्युत विभाग द्वारा मैंटेनेंस कार्य, फाल्ट होना या फिर किसी योजना के तहत बिजली संबंधी कार्य होने का हवाला दिया जाता है. परन्तु कई दिनों से इस तरह बिजली कटौती का सिलसिला जारी है.

बोर्ड एवं अन्य परीक्षाएं प्रारंभ होने को है. विद्यार्थी पढ़ाई में लगे हुए है, दिन और रात पढ़ाई जारी है. यह समय काफी कीमती है. परन्तु कई बार शाम होते ही बिजली गुल हो जाती है, रात्रि में भी कई बार बिजली देर तक नहीं रहने से पढ़ाई बाधित हो रही है.

**बिजली आधारित व्यवसाय चौपट-** दिन में अनेक बार सुबह से बिजली गुल होती है तो कभी दोपहर तो कई बार शाम के समय बिजली आती है. दिन में व्यवसाय के दौरान घंटो तक बिजली कटौती होने से बिजली आधारित व्यवसाय बुरी तरह चौपट हो रहा है. जबकि शादी ब्याह का सीजन होने से बाजार में अच्छी ग्राहकी भी हो रही है लेकिन बिजली गुल होने से कई कार्य नहीं हो पा रहे है. बिजली आधारित व्यवसाय ठप्प होने से काफी नुकसान हो रहा है. कुरावर में जहां हर दिन घंटो तक बिजली कटौती की जा रही है, वहीं जब कभी बिजली होती है तो अधिकांश जगह वोल्टेज की समस्या बनी रहती है. वोल्टेज कम, ज्यादा होने से आये दिन इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं कहीं जगह तो उपकरण जल भी चुके है. अधिकांश समय सुबह एवं दिन में बिजली नहीं रहने से पेयजल संकट के हालात भी निर्मित हो जाते है. नगर के व्यापारी एवं पार्षद लखन चौहान का कहना है कि यदि नगर में तीन-चार स्थानों पर एवी शूज लग जाए तो जिस वार्ड में फाल्ट की समस्या बनती है वहीं की लाइट बंद हो सकेगी और अन्य जगह बिजली सप्लाई सुचारु हो सकेगी. अभी यदि नगर के किसी भी वार्ड में फाल्ट होता है तो सारी बिजली सप्लाई को बंद कर दिया जाता है.

### नगर में बिजली सुधार का कार्य जारी

स्थानीय स्तर पर विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर में बिजली सुधार योजनांतर्गत बिजली उन्नयन एवं सुधार का कार्य प्रगति पर चल रहा है. केबल बदली जाकर एवी स्वीच लगाने का कार्य किया जा रहा है, जल्द ही बिजली सप्लाई व्यवस्था सुचारु होकर बेहतर होगी.

### दुर्घटना में घायल को 62 लाख का क्लेम देने का आदेश

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 08 फरवरी, का.** राजगढ़ न्यायालय द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल को बीमा कम्पनी द्वारा क्लेम के रुप में 62 लाख 9350 रुपये भुगतान करने का आदेश पारित किया है. न्यायाधीश सुरेश शर्मा द्वारा घटना में घायल हुए व्यक्ति को उक्त राशि बीमा कम्पनी द्वारा भुगतान करने का आदेश पारित किया है. घायल व्यक्ति की और से क्षतिपूर्ति क्लेम पेश करने वाले अधिवक्ता राजेन्द्र यादव ने बताया कि घायल सूरज पिता गोरधनलाल दांगी निवासी पीपल्या कला अपनी मोटर सायकल से गांव जा रहे थे कि खिलचीपुर - जीरापुर रोड पर स्थित ग्राम गुर्जरखेड़ी के यहां दुर्घटना कारित वाहन ने तेज व लापरवाहीपूर्वक मोटर सायकल को टक्कर मार दी. जिससे सूरज के दोनों पैर एवं शरीर में अन्य जगह गंभीर चोटे आई. एडव्होकेट राजेन्द्र यादव की और से राजगढ़ न्यायालय में क्लेम आवेदन पेश किया था. जिसमें अधिवक्ता राजेन्द्र यादव ने गवाह सबूतों के आधार पर घटना प्रमाणित की जिस पर से न्यायाल द्वारा निर्णय पारित कर उक्त राशि सूरज को भुगतान करने का आदेश बीमा कम्पनी को दिया गया.

# रेलवे लाइन से लाखों का वायर चोरी

## राजगढ़-खिलचीपुर सेक्शन पर रघुनाथपुरा से फूलखेड़ी के बीच 630 मीटर कॉपर वायर चोरी

**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 08 फरवरी, सं. खिलचीपुर थाना क्षेत्र के तहत रेलवे की निर्माणाधीन लाइन से कॉपर केटनरी वायर चोरी होने का मामला सामने आया है. राजगढ़-खिलचीपुर सेक्शन पर रघुनाथपुरा से फूलखेड़ी के बीच रेलवे ओवर ब्रिज के समीप से लगभग 630 मीटर कॉपर वायर चोरी हुआ है.**

गौरतलब है कि उक्त रेलवे लाइन अभी चालू नहीं हुई है, इस पर विद्युतीकरण व अन्य निर्माण कार्य अभी जारी है. चोरी गये तार की कीमत लाखों रुपये में आंकी जा रही है. इससे काफी नुकसान होना बताया जाता है. तार चोरी होने की घटना से यहां चल रहे निर्माण कार्य की गति प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है. रेलवे के



सुपरवाइजर आशीष पटेल निवासी रीवा कॉलोनी रामपुर छापर, जबलपुर ने खिलचीपुर थाने में दर्ज कराई शिकायत में कहा है कि चोरी गया वायर नई बीजी लाइन आरएमए-बीपीएल परियोजना का हिस्सा था. इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आसपास के क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश की जा रही है.

### शिवमहापुराण का समापन

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 08 फरवरी, सं.** रविवार ग्राम निटडली में पावन श्री शिव महा पुराण कथा का विधिवत समापन हुआ तथा राजपूत समाज धर्मशाला का भूमि पूजन श्रद्धा एवं वैदिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, मंडल अध्यक्ष महेश, सुनील बागवान, कमल सिंह परमार, पूर्व सरपंच इकलेरा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह राजपूत, सरपंच श्याम सिंह, रामगोपाल शर्मा (नायब तहसीलदार) सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे. कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, मुकेश, देव सिंह, छतर सिंह लाड सिंह, दीपक सिंह, संतोष (ओसियन मोटर्स), सुरेन्द्र सिंह सिसौदिया एवं सभी भक्त जनों ने सहभागिता कर आयोजन को गरिमामय बनाया.



# स्नेह, भावनाओं से सराबोर रहा विदाई समारोह

## संस्कार, स्मृतियां और सम्मान की मिसाल बना विदाई समारोह

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 08 फरवरी, का. स्वामी विवेकानंद विद्यालय राजगढ़ में कक्षा 12 वीं केविद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य एवं भावनात्मक विदाई समारोह रखा गया. यह समारोह उत्साह, स्नेह और भावनाओं से सराबोर नजर आया.**

जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स का पारंपरिक तिलक लगाकर एवं फूलों से स्वागत किया. विद्यार्थी समूहों में प्रवेश करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे, जिससे वातावरण उल्लासपूर्ण बन गया. विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति दी गई.

नाटक के माध्यम से विदा ले रहे विद्यार्थियों की विद्यालय जीवन की मस्तियां, शरारतें एवं विभिन्न गतिविधियों को रोचक रूप में प्रस्तुत किया गया. सीनियर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए. अपने अनुभव साझा करते समय कई विद्यार्थियों की आंखे छलक पड़ी. उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन, अनुशासन और संस्कारों के कारण ही वे आज इस मुकाम तक पहुंच सके है.

विद्यालय के प्राचार्य अमित साहा ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के महत्वपूर्ण सूत्र बताएं. उन्होंने अभिभावकों एवं बड़ों के सम्मान, उनके आशीर्वाद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को मूल्यो के साथ निरंतर प्रगति करने की प्रेरणा दी. यह विदाई समारोह विद्यार्थियों के जीवन की एक अविस्मरणीय स्मृति बन गया.

### रियासतकालीन मेले का शुभारंभ आज

**नवभारत न्यूज, नरसिंहगढ़ 08 फरवरी, सं.** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में नगर में लगने वाले रियासतकालीन मेले का शुभारंभ आज 9 फरवरी को होगा. गौरतलब है कि प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में बड़े महादेव के समीप मेला ग्राउण्ड पर मेले का आयोजन किया जाता है. महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मंदिरों में दर्शन करने पहुंचते है.

# ब्यावरा विस को 3 करोड़ 96 लाख रुपए की सौगात

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 08 फरवरी, का.** विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को और तेज करते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने लगभग 3 करोड़ 96 लाख रुपए की लागत से पूर्ण एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का 6 ग्राम पंचायतों में विधिवत भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पंवार ने कहा कि हम खेती-किसानी से





जुड़े लोग हैं और किसानों की जरूरतों को भली-भांति समझते हैं. मंत्री पंवार ने जैविक खेती के महत्व पर जोर दिया. इस दौरान हबीपुरा ग्राम पंचायत में सामुदायिक भवन निर्माण 25 लाख की सौगात दी. साथ ही कई पंचायतों में विभिन्न निर्माण कार्य किए जाएंगे जिनमें बाउंड्रीवाल, सड़क, श्मशास उन्नयन, सामुदायिक भवन, तालाब और चैक डेम शामिल है. कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी, नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, रामनारायण दांगी, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, दिनेश मीना, बलवान सिंह, श्याम सिंह चौहान, मंडल महामंत्री दीपक सामरे जी, राकेश मीना, आशीष मीना, रामगोपाल मीना, राधेश्याम यादव, नायब तहसीलदार विनय कुमार रजक, एसडीओ प्रवीण भील, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

### लखनवास में हिन्दू सम्मेलन आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**लखनवास 08 फरवरी, सं.** लखनवास में रविवार को पीएमश्री स्कूल मैदान पर आयोजित हिंदू सम्मेलन में डीजे के साथ जुलूस निकाला गया. सम्मेलन में धार्मिक, सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का संदेश दिया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देशभक्ति गीत, भजन और नृत्य प्रस्तुत किए गए जिसमें बालक बालिकाओं ने भाग लिया गया. इस सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना और राष्ट्रीय चेतना को बढ़ावा देना है.

**रिपोर्ट** महीनों से नहीं मापा जिले का अधिकतम तापमान, शोपीस बनकर रखे स्टूमेंट को इंस्टॉलेशन का इंतजार

# मौसम रिपोर्ट में नहीं आता जिले का अधिकतम तापमान

**नवभारत न्यूज**


**राजगढ़ 08 फरवरी, का. प्रदेश की मौसम रिपोर्ट में राजगढ़ जिले के अधिकतम तामपान का कॉलम खाली आ रहा है. इसके इसी प्रकार प्रकाशन हुए कई वर्ष हो चुके है. कारण जिले में तापमापी मशीन का खराब होना. यहां अधिकतम तापमान का अंकन, मापन नहीं हो पा रहा है. इन दिनों दिन में तेज धूप के साथ गर्मी का अहसास होने लगा है. आगामी समय में गर्मी बढ़ेगी लेकिन इस बार भी गर्मी के दिनों में जिले का अधिकतम तापमान का अधिकृत रुप से पता नहीं चल पाएगा क्योंकि जिला मुख्यालय पर अधिकतम तापमान नापने वाली मशीन बीते तीन सालों से खराब पड़ी है.**



उल्लेखनीय है कि न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान नापने दो यंत्र होते है, जिनकी रिडिंग अनुसार जिले का न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान का पता चल पाता है, किंतु जिला मुख्यालय पर वर्ष 2023 से अधिकतम तापमान मापी यंत्र खराब पड़ा होने से जिले का अधिकृत तौर पर अधिकतम तापमान नहीं आ पा रहा है.

**शोपीस बने रखे यंत्र-** अधिकतम तापमान मापी यंत्र काफी पूर्व जिला मुख्यालय पर आ चुके है जिन्हें किसी शासकीय कार्यालय में रखा हुआ है किंतु लम्बा समय गुजरने के बाद भी यंत्र को स्टॉलमेंट करने कोई नहीं आया. इसी तरह टेम्प्रेचर बॉक्स भी पूरी तरह टूट चुका है, इसकी जगह नया बॉक्स लगना है.

**भोपाल से आएंगे इंजीनियर-** अधिकतम तापमान



| City | Maximum | 24 Hrs Change | Departure | Minimum |
|---|---|---|---|---|
| | Observed On 08-02-2026 | | | |
| BETUL | 27.0 | -0.5 | -2.2 | 12.0 |
| BHOPAL | 27.3 | -0.1 | -0.3 | 10.4 |
| DATIA | 27.4 | 0.4 | +1.6 | 9.8 |
| DHAR | 29.6 | 0.4 | +1 | 12.4 |
| GUNA | 28.2 | 0.6 | +1.1 | 11.4 |
| GWALIOR | 28.2 | -0.7 | +2.5 | 11.2 |
| NARMADAPURAM | 29.7 | -0.6 | +1.6 | 15.1 |
| INDORE | 29.6 | 0.6 | +1.2 | 10.6 |
| KHANDWA | 31.5 | 0.4 | +0.7 | 13.4 |
| KHARG | | 0.2 | -0.5 | 13.2 |
| MARHI | 24.2 | 0.4 | +0.5 | 8.4 |
| RAISEN | 28.0 | 0.4 | --- | 11.0 |
| RAJGARH | | | | 8.5 |
| | | 0.2 | +1.9 | 13.0 |
| SHAJAPUR | | | | |

मापी यंत्र को स्थापित करने भोपाल से इंजीनियर आएंगे. किंतु आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि तीन साल होने को है और आज दिनांक तक यंत्र स्थापित नहीं हो सका है.

**वर्षामापी यंत्र भी 7-8 वर्ष से शोपीस बनकर रखे-** जिला मुख्यालय पर वर्तमान में जिन वर्षामापी यंत्र के द्वारा वर्षा मापी जाती है वह काफी पुराने होकर जीर्णशीर्ण अवस्था में जा पहुंचे है, नये वर्षामापी यंत्र जिला मुख्यालय पर 7-8 वर्ष पूर्व आ चुके है किंतु इनको भी आज तक स्थापित नहीं किया जा सका है.

लकड़ी का बॉक्स खराब हो गया है, ऐसे में सिर्फ न्यूनतम तापमान ही रिकॉर्ड किया जा रहा. जब तक उचित जगह नहीं मिलती तब तक तापमान मीटर नहीं लग सकता.

**आरएस गोयल, मौसम प्रभारी जिला राजगढ़**

संबंधित विभाग से जानकारी लेकर वैदर इंस्ट्रुमेंट की स्थिति दिखावा लेते है. जो भी उचित और बेहतर हो सकता है, वो किया जाएगा.

**श्रीमती निधि भारद्वाज एसडीएम, राजगढ़**